**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1628**
**03/08/2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**केरल राज्य में रडार प्रणाली**

**1628 श्री ए. ए. रहीम :**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि उत्तरी केरल में मौसम पर नज़र रखने के लिए कोई स्थायी रडार प्रणाली नहीं है और दक्षिण केरल में केवल अस्थायी प्रणाली उपलब्ध है;

(ख) क्या केरल वर्ष 2013 से इसकी मांग कर रहा है, यदि हां, तो इसकी अनुमति न दिए जाने के क्या कारण है; और

(ग) कोच्चि में रडार कितना पुराना है और पिछले तीन वर्षों में यह कितने दिनों तक बंद रहा?

**उत्तर**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्री**
**(श्री किरेन रिजिजू)**

(क) जी, हां। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में केरल राज्य में दो रडार काम कर रहे हैं। एक एस-बैंड DWR (विभागीय) कोच्चि में कार्य कर रहा है, तथा दूसरा सी-बैंड DWR है जो विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC) तिरुवनंतपुरम (गैर-विभागीय) में काम कर रहा है, ये पूरे केरल में मौसम में होने वाले गंभीर परिवर्तनों की निगरानी करते हैं।

(ख) उत्तरी केरल सहित पूरे केरल राज्य को रडार कवरेज में लाने के लिए कोझीकोड (100 किमी की प्रेक्षण रेंज वाला एक्स-बैंड रडार) तथा मैंगलोर (250 किमी की प्रेक्षण रेंज वाला सी-बैंड रडार) में संस्थापित किये जाने के लिए 2 रडार की अधिप्राप्ति की अनुमति मिल गई है।

(ग) कोच्चि के रडार को 12.07.2017 को आरंभ किया गया था। पिछले तीन वर्षों के दौरान DWR कोच्चि ने तकनीकी कारणों से 26 दिन काम नहीं किया। इसका विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।इसके अतिरिक्त, वर्ष 2023 में निवारक रखरखाव के लिए रडार प्रचालन को 5 दिन के लिए रोका गया था।

**अनुलग्नक**

## पिछले 3 वर्षों के दौरान DWR कोच्चि के काम न करने वाले दिनों की संख्या

| वर्ष | काम न करने की अवधि | काम न करने का कारण | किया गया सुधार | काम न करने वाले दिनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 2020 (जून से) | 19.06.2020 से 20.06.2020 | UPS पॉवर सप्लाई खराबी | UPS कंट्रोल बोर्ड और कनेक्शन की सर्विसिंग | 1 |
| | 21.06.2020 से 22.06.2020 | टेस्ट युनिट त्रुटि | LO यूनिट का स्टेटस वोल्टेज उपलब्ध नहीं था, इसलिए LO यूनिट की सर्विसिंग की गई और समस्या का समाधान किया गया। | 1 |
| | 10.09.2020 से 11.09.2020 | GSP रैक सिम्युलेटर कार्ड त्रुटि | सिम्युलेटर कंट्रोल कार्ड की सर्विसिंग की गई | 1 |
| | 28.11.2020 से 29.11.2020 | सर्वर अनमाउंटिंग त्रुटि | RT वर्कस्टेशन को बदलकर एक दूसरा वर्कस्टेशन लगाया गया, और RC चलाने के लिए उसे कॉन्फिगर किया गया | 1 |
| 2021 | 22.03.2021 से 23.03.2021 | टेस्ट युनिट त्रुटि | LO यूनिट को रिप्लेस करके RF पॉवर एम्प्लीफायर लगाया गया, और आरएफ डिटेक्शन के लिए स्पिलिटर यूनिट को रिप्लेस करके एक्सटर्नल वोल्टेज डिवाइडर स्टेटस सिग्नल लगाया गया। | 1 |
| | 25.05.2021 से 26.05.2021 | वर्कस्टेशन अनमाउंट किया गया | सभी वर्कस्टेशन का सिस्टम क्लीनअप किया गया, और ऑटोमाउंट के लिए कर्नल फाइल्स में सही स्क्रिप्ट इंटर की गई | 1 |
| 2022 | 12.02.2022 से 13.02.2022 | RSP रिस्टार्ट त्रुटि | स्कैन स्ट्रैटेजी संशोधित करके DTP और DWELL काउंट इशू का समाधान किया गया | 1 |
| | 27.03.2022 से 28.03.2022 | रिफ्लेक्टिविटी वैल्यू का कम होना | सेंस इलेक्ट्रॉनिक्स कंट्रोल कार्ड समस्या के कारण यूएस स्कैनिंग काम नहीं कर रही थी। सिस्टम 2 यूएस पल्स के साथ चल रहा था। | 1 |
| | 27.11.2022 से 28.11.2022 | AZ और EL एम्प्लीफायर में F16 त्रुटि | UPS पॉवर सप्लाई समस्या का समाधान किया गया | 1 |
| | 11.12.2022 से 12.12.2022 | ट्रांसमिटर त्रुटि | LVPS केबल समस्या का समाधान किया गया | 1 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2023 (21 जुलाई तक) | 02.01.2023 से 04.01.2023 | AZ और EL एम्प्लीफायर में F16 त्रुटि | रैडोमी इंट्री इंटरप्ट स्विच के साथ केबल समस्या का समाधान किया गया | 2 |
| | 11.04.2023 से 21.04.2023 | एलीवेशन एम्प्लीफायर में F14 त्रुटि | रडार स्लिप रिंग समस्या। स्लिप रिंग चैनल को इंटरचेंज करके समाधान किया गया | 12 |
| | 04.05.2023 से 05.05.2023 | एलीवेशन एम्प्लीफायर में F14 त्रुटि | स्लिप रिंग चैनल कनेक्शन खराबी | 1 |
| | 29.05.2023 से 30.05.2023 | प्राप्त होने वाले सिग्नल में न्वॉयज सिग्नल | ARC DSP DDC कार्ड समस्या का समाधान किया गया। | 1 |
| | | | **जून 2020 से जुलाई 2023 के दौरान काम न करने वाले कुल दिनों की संख्या** | 26 |

********